**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 19.05.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत।**

दिनांक 19.05.2024 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.गं.), झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री बालगोविन्द श्रीवास्तव | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री जे.के. गुप्ता | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या. (वि./यां.), उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 6 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 7 | श्री मुकेश पाल सिंह | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 8 | श्री योगेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 9 | श्री आर.एन. लाल | अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 9 | श्री संदीप शर्मा | सहा.अभि. प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 10 | श्री फैज़ल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 12 | श्री आर.एल. रमेश | डी.जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री सुमित गुप्ता | बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 14 | श्री विशाल | प्रतिनिधि यूनिप्रो टेक्नो इन्फ्रा, झाँसी। |
| 15 | श्री अक्षय जाट | डी.पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा0 |
| 16 | श्री जे.एस. पेट्रीक | पी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- <u>जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा।</u>

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन गुलारा, पुरवा एवं बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में विधान सभा क्षेत्र बबीना एवं मऊरानीपुर के सम्मिलित ग्रामों में अनुबन्धित फर्म द्वारा कराये गये गृह संयोजनों (FHTC) एवं सड़क पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यों का विवरण जिलाधिकारी महोदय, झाँसी के पत्रांक 307/जल जीवन मिशन–कार्य–92/15 दिनांक 03.03.2025 एवं 308/जल जीवन मिशन–कार्य–92/16 दिनांक 03.03.2025 के माध्यम से श्री राजीव सिंह "पारीछा" जी, माननीय विधान, विधान सभा क्षेत्र, बबीना एवं एवं श्रीमती रश्मि आर्या जी, माननीय विधायक, विधान सभा क्षेत्र–मऊरानीपुर को अपने स्तर से सत्यापन कराने हेतु प्रेषित की गयी है, ताकि यदि अभी भी उक्त योजनाओं के कार्यों में किसी प्रकार की कमी इंगित होती है, तो उसे फर्म के माध्यम से सही कराया जा सकें।

<u>बचावली ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 36 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 01 ग्राम (लकारा) को "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा दिया जायेगा।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

**<u>तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना</u>** :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 01 ग्राम (लकारा) को "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य शेष है, जिसे शीघ्र ही पूर्ण करा दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 93 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।



<u>बुढपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में से 52 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री आर.एल. रमेश द्वारा अवगत कराया गया है कि 07–08 ग्रामों का कुछ भाग, जो ग्राम के ऊँचाई वाले हिस्से में स्थित है, में पर्याप्त श्राव से पेयजल नही पहुँच पा रहा था, जिसके निराकरण हेतु बूस्टर पम्प लगाते हुये ग्रामों के ऊँचाई वाले भाग में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। परन्तु ग्राम प्रधान द्वारा "हर घर जल" प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर नही किये जा रहे है, जिस कारण शेष 07 नग ग्रामों को "हर घर जल" प्रमाणिकरण कार्य शेष है, जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा बैठक में उपस्थित जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी को प्रकरण को निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

<u>इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 7600 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 75 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 45 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया चुका है। परन्तु अनुवन्धित फर्म ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के जी.एम. श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में श्रमिकों की संख्या बढ़ायी गयी है तथा वर्तमान में 06 नग अन्य ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये कुल 81 ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित 32259 नग गृह संयोजन के सापेक्ष अनुबन्धित फर्म द्वारा मात्र 14800 नग एफ.एच.टी.सी. का ही कार्य पूर्ण किया गया है, जिस पर

Scanned with OKEN Scanne

Scanned with CamScanner

जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये गृह संयोजन कार्य हेतु टीमों की संख्या बढ़ाने, गैप क्लोजिंग कार्य हेतु , श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये योजना के समस्त कार्यों को <u>07 जून–2025</u> तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि श्री सुमित गुप्ता को निर्देशित किया गया।

<u>टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वैल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टेंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54800 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वैल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टेंक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 44360 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 9800 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 55 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 36 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरथरी ग्रा.स.पे.यो. में 6600 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 38 ग्रामों में आंशिक एवं 16 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स बी.जी.सी.सी. के जी.एम. श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु राष्ट्रीय राज्यमार्ग से अनापत्ति विलम्ब से प्राप्त होने के कारण कार्यो को पूर्ण करने मे विलम्ब हुआ है। वर्तमान में एन.एच. से अनापत्ति प्राप्त हो चुकी है तथा कार्यो को शीघ्र पूर्ण करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी महोदय, झॉसी द्वारा योजनान्तर्गत किये गये एच.एस.सी. (अक्रियाशील गृह संयोजन) को एफ.एच.टी.सी. में परिवर्तित करते हुये योजनाओं के अवशेष समस्त कार्यो को जुलाई–2025 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराते हुये योजनान्तर्गत पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया है।

फर्म के प्रतिनिधि श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि टेहरका ग्राम समूह योजनान्तर्गत निर्मित ओवर हैड टेंको को वितरण प्रणाली पाइप लाइन से जोड़े जाने, गैप क्लोजिंग, पाइप चौकेज इत्यादि का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। वर्तमान में 22 टीमों को नियुक्त करते हुये कार्यो को तीव्र गति से कराया जा रहा है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झॉसी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री सुमित गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में जून–2025 तक योजना के समस्त ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करे। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में अनुबन्धित फर्म द्वारा जलापूर्ति प्रारम्भ किये गये ग्रामों के सापेक्ष 5–5 ग्रामों का सत्यापन सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें। ताकि ग्रामों में प्रारम्भ की गयी जलापूर्ति की वास्तविक स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सकें।



Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

साथ ही साथ जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों हेतु आवश्यक टीमों (श्रमिकों) की गणना करते हुये उसके सापेक्ष कार्य स्थल पर लगायी गयी टीमों का विवरण उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी को निर्देशित किया गया।

<u>गुरैठा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 71 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कराते हुये 71 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06 ग्रामों में से 03 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष 03 ग्रामों की पाइप लाइन की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक प्रारम्भ नही की गयी है, जिस कारण शेष 03 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान में भी बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही पाइप लाइन मरम्मत का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शेष 03 ग्रामों में भी नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ करायी जा सकें।

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में योजना में समस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों में से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 96 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।

<u>बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत–प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। ।



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी एवं योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों के ग्रामवासियों द्वारा टिल्लू पम्प लगाने एवं जी.आई. स्टैण्ड हटा लेने के कारण पेयजल नालियों में बर्बाद हो रहा है साथ ग्रामों के ऊँचाई वाले भाग में पर्याप्त प्रेशर से पेयजल की आपूर्ति नही हो पा रही है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा ग्रामों का निरीक्षण करते हुये टिल्लू पम्प लगाने वाले ग्रामवासियों की सूची तैयार करते हुये उनके विरुद्ध सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुये आवश्यक दण्डात्मक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही ग्रामों में पेयजल बर्बादी को रोकने एवं पेयजल का सदुपयोग करने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा नियुक्त आई.एस.ए./आई.ई.सी. के कार्मिकों को ग्रामों में उपस्थित होते हुये ग्रामों जागरूकता अभियान चलाने के लिये अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी को निर्देशित किया गया।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

27/05/25

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

(मृदुल चौधरी)
जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक–810/एम-23/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2025/86 दिनाँक: 31. मई, 2025

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

3– जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।

5– समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

27/05/25

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner